भारत सरकार
रेल मंत्रालय

लोक सभा
03.12.2025 के
अतारांकित प्रश्न सं. 483 का उत्तर

त्योहारों के लिए विशेष ट्रेनें

483. श्रीमती माला राय:

क्या रेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) रेल मंत्रालय द्वारा दुर्गा पूजा के समय बंगाल के लिए चलाई गई विशेष रेलगाड़ियों की संख्या कितनी है; और

(ख) विगत पांच वर्षों के दौरान छठ पूजा के समय बिहार के लिए चलाई गई विशेष रेलगाड़ियों की वर्ष-वार और मार्ग-वार संख्या कितनी है?

उत्तर

रेल, सूचना और प्रसारण एवं इलेक्ट्रॉनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री
(श्री अश्विनी वैष्णव)

(क) और (ख): चूंकि रेल नेटवर्क राज्य की सीमाओं के आर-पार फैला होता है, इसलिए ऐसी सीमाओं में विशेष रेलगाड़ियों सहित अन्य रेलगाड़ी सेवाएं नेटवर्क की आवश्यकता के अनुसार चलाई जाती हैं।

भारतीय रेल (आईआर) नियमित रेलगाड़ियों में उपलब्ध स्थान की कमी को पूरा करने और त्योहारों, छुट्टियों, धार्मिक आयोजनों आदि के दौरान यात्रियों की यात्रा को सुविधाजनक बनाने के लिए विशेष रेलगाड़ी सेवाएं चलाती है। तदनुसार, 1 अक्टूबर, 2025 से 30 नवंबर, 2025 तक की अवधि के दौरान, दुर्गा पूजा, दीपावली और छठ जैसे त्योहारों के दौरान यात्रियों को सुविधा प्रदान करने के लिए, भारतीय रेल ने 12,300 से अधिक विशेष रेलगाड़ियां चलाई हैं।

मांग को स्वीकार करते हुए दुर्गा पूजा, दिवाली और छठ के दौरान यात्रा को सुविधाजनक बनाने के लिए भारतीय रेल नेटवर्क पर चलाई जाने वाली स्पेशल रेलगाड़ियों की संख्या विगत वर्षों में काफी बढ़ाई गई है विवरण निम्नानुसार है:

वर्ष	फेरों की संख्या
2022	2614
2023	4480
2024	7990
2025	~12,300

******